आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

वर्ष- 15 अंक 304 • कटनी • शनिवार, 11 दिसम्बर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-8 • विक्रम संवत 2078 शके 1935

## धीरे-धीरे पांव पसार रहा अलकायदा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सैनिकों के जाने के बाद से अफगानिस्तान में आतंकवाद फिर से बढ़ गया है। अब एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अगस्त के बाद से अफगानिस्तान में आतंकी संगठन अलकायदा फिर से खड़ा होना शुरू हो गया है। इतना ही नहीं तालिबान के नेता भी इस आतंकी संगठन को लेकर दो धड़ों में बंट गए हैं।

### ओमिक्रोन :मुंबई में आज और कल धारा 144

# नए मरीजों में साढ़े तीन साल की बच्ची भी

**नई दिल्ली। दुनिया में ओमिक्रोन वारयस के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। भारत में भी मरीजों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। ओमिक्रोन की रोकथाम के लिए मुंबई में 11 और 12 दिसंबर यानि आज और कल धारा 144 लगा दी गई है। सभी तरह के धरना-प्रदर्शन और रैली पर रोक लगा दी गई है।**

इस बीच, सुकून देने वाली बात यह है कि भारत में अब तक सामने आए ज्यादा मरीजों में हल्के लक्षण मिले हैं। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका से भी अच्छी खबर है। यहां मरीजों की संख्या भले ही बढ़ रही हो, लेकिन एक भी मौत नहीं हुई है। दक्षिण अफ्रीका में अभी कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के गंभीर होने के संकेत नहीं मिले हैं। बता दें, कोरोना वायरस के ओमिक्रोन का पहला केस दक्षिण अफ्रीका में नजर आया था। इस बीच, खबर है कि दक्षिण कोरिया में भी कोरोना संक्रमण के मामले फिर बढ़ने लगे हैं। लगातार तीन दिनों से मामलों में वृद्धि हो रही है। भारत में कोरोना के नए ओमिक्रोन वैरिएंट के मामले बढ़कर 32 हो गई हैं। शुक्रवार देर रात महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य में ओमिक्रोन के सात और नए मामले मिले हैं। इनमें मुंबई में तीन और पुणे के पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम क्षेत्र में चार मामले शामिल हैं, जिनमें साढ़े तीन साल की एक बच्ची भी है। ये सभी लोग ब्रिटेन और अफ्रीकी देशों से हाल ही में लौटे थे। सात में चार मरीज पूरी तरह से टीका लगवा चुके थे। इससे पहले महाराष्ट्र में 10, राजस्थान में नौ, गुजरात में तीन, कर्नाटक में दो और दिल्ली में ओमिक्रोन का एक मामला सामने आया था।राहत की बात यह है कि इसके ज्यादातर मरीजों में हल्के लक्षण हैं। पुणे में पहले पाए गए ओमिक्रोन के सात में से पांच मरीजों की कोरोना जांच रिपोर्ट भी निगेटिव आ गई है। लोकसभा में शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि इस नए वैरिएंट पर मौजूदा वैक्सीन के प्रभाव का पता लगाने के लिए अभी अध्ययन चल रहा है। अध्ययन के बाद ही इस पर कुछ कहा जा सकेगा।






## भारत में मिलेगी बूस्टर डोज की इजाजत?

नर्अ दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वैरिएंट पर बढ़ती चिंताओं के बीच, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने बूस्टर डोज के लिए इजाजत मांगी है। कंपनी के आवेदन पर केंद्रीय दवा प्राधिकरण के एक विशेषज्ञ पैनल ने शुक्रवार को बताया कि कोविशील्ड वैक्सीन की संभावित बूस्टर खुराक को अधिकृत करने से पहले परीक्षण डेटा प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी।न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस जुड़े अधिकारियों ने बताया, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) में कोविड-19 पर विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) ने बूस्टर खुराक के रूप में और च्विस्तृत विचार-विमर्शज्ज के बाद कोविशील्ड के लिए एसआईआई के आवेदन की समीक्षा की।



हरिद्वार में अस्थि विसर्जन करती बेटियां

## बेटियों ने हरिद्वार में किया जनरल बिपिन रावत और मां मधुलिका का अस्थि विसर्जन

हरिद्वार। हेलीकाप्टर दुर्घटना में जान गंवाने वाले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत व उनकी पत्नी मधुलिका का अस्थि विसर्जन हरिद्वार में कर दिया गया। दोनों बेटियों, कृतिका और तारिणी ने हरिद्वार में अस्थि विसर्जन किया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और राज्य के कई अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। इससे पहले कृतिका और तारिणी शनिवार सुबह दिल्ली छावनी के बरार स्क्वायर श्मशान घाट पहुंचीं। (नीचे देखिए तस्वीरें) शुक्रवार को दोनों का सर्वोच्च सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। दिल्ली कैंट के बरार स्क्वायर स्थित श्मशान भूमि में एक ही चिता पर दोनों के शवों को बेटियों कृतिका व तारिणी ने मुखाग्नि दी तो आंखें नम हो गईं।

### बिपिन रावत की मौत पर हंसने वालों से आहत

## इस्लाम छोड़कर बनेंगे हिंदू... फिल्ममेकर अली अकबर

नई दिल्ली। हेलिकॉप्टर क्रैश की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन से पूरा देश गमगीन है। देखने को यह भी मिला कि सोशल मीडिया पर उनकी मौत की खबर पर कई लोगों ने हंसने की इमोजी भी बनाई। इसका कई लोगों ने विरोध भी किया। लेकिन यह बात केरल के एक फिल्ममेकर को इस कदर बुरी लगी कि उन्होंने इस्लाम धर्म को ही छोड़ने का फैसला कर लिया। केरल के फिल्ममेकर अली अकबर और उनकी पत्नी लुसीअम्मा ने इस्लाम छोड़कर हिंदू धर्म अपनाने का फैसला किया है। अकबर ने कहा कि मुस्लिमों की तरफ से ऐसी हरकत का विरोध इस्लाम के सीनियर नेताओं और धर्मगुरुओं ने भी नहीं किया है। देश के बहादुर बेटे का ऐसा अपमान स्वीकार्य नहीं है। अकबर ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि उनका धर्म से विश्वास उठ गया है। अकबर ने वीडियो में कहा, मुझे जन्म के समय से ही जो चोला मिला था, उसे उतारकर फेंक रहा हूं।



फिल्ममेकर अली अकबर

## फटाफट खबरें

### बड़ा झटका सीरिंज बनाने वाली सबसे बड़ी फैक्टरी पर ताला

**नई दिल्ली ।** देश में कोरोना महामारी के बीच जहां स्वास्थ्य संकट मंडरा रहा है वहीं एक निराश करने वाली खबर भी सामने आई है। दरअसल, देश में सीरिंज और सुई की सबसे बड़ी कंपनी हिंदुस्तान सिरिंज एंड मेडिकल डिवाइसेस लिमिटेड (HMD) को बंद करने का फैसला लिया गया है। जानकारी के अनुसार एयर क्वालिटी मैनेजमेंट की ओर से राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण को कम करने के लिए कंपनी के 228 फैक्टरियों को अस्थायी रूप से निलंबित करने के लिए कहा गया है। हिंदुस्तान सिरिंज एंड मेडिकल डिवाइसेस लिमिटेड (HMD) के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव नाथ ने शुक्रवार को मीडिया को बताते हुए कहा कि हमने अपने कॉम्प्लेक्स में प्रोडक्शन बंद करने का फैसला किया है। नाथ ने कहा कि कंपनी के पास दो दिनों से अधिक का बफर स्टॉक नहीं है।




### अगले हफ्ते बैंक में दो दिनों की हड़ताल

**नई दिल्ली ।** जिन लोगों का बैंक से संबंधित कोई जरूरी काम है। उन्हें आने वाले सप्ताह से पहले इसे खत्म कर लेना चाहिए, क्योंकि भारत के कई हिस्सों में बैंक अगले हफ्ते 3 से 4 दिन बंद रहेंगे। यह ध्यान रखें कि इस दौरान सभी ऑनलाइन बैंकिंग और यूपीआई सर्विस काम करेगी। लेकिन जिन ग्राहकों को किसी कार्य के लिए बैंक जाना है। वह नहीं हो पाएंगा, क्योंकि कई शाखाएं बंद रहेंगी। दरअसल बैंकों के प्रस्तावित निजीकरण के विरोध में बैंक यूनियनों द्वारा दो दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया गया है। इस बैंकिंग हड़ताल के चलते दो दिन 16 दिंसबर (गुरुवार) और 17 दिसंबर (शुक्रवार) को बैंक शाखाएं बंद रहेंगी। वहं दो दिवसीय बैंक हड़ताल और स्थानीय छुट्टी के कारण कई राज्यों में लगातार चार दिन बैंकों में ताले लगे रहेंगे।बता दें हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि चालू वित्त वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंकों का निजीकरण किया जाएगा।

### रहस्यमय तिजोरी में कैद होगी मानवता के अंत की कहानी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के एक सुदूरवर्ती इलाके में स्कूल बस के आकार की स्टील की एक तिजोरी पृथ्वी के गर्म होते मौसम के पैटर्न को रिकॉर्ड करेगी। यह मशीन हम जो कहते और करते हैं, उसे भी सुनेगी। इसे बनाने वालों का कहना है कि यह एक संग्रह तैयार करेगी जो मानवता के गलत कदमों को एक साथ जोड़ने में अहम साबित हो सकता है। इसे धरती का च्ब्लैक बॉक्सज् भी कहा जा रहा है। इस मशीन का निर्माण ऑस्ट्रेलिया के एक द्वीप तस्मानिया पर किया जाएगा।यह हवाई जहाज के फ्लाइट रिकॉर्डर की तरह काम करेगी जो दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले विमान के अंतिम क्षणों को रिकॉर्ड करता है।



युवतियों के साथ डांस करती प्रियंका गांधी

### गोवा में प्रियंका गांधी के डांस पर बवाल

## कांग्रेस लीडर लोक कलाकारों के साथ थिरकीं

पणजी। गोवा के दौरे पर पहुंची कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी लोक कलाकारों के साथ डांस कर विवादों में घिर गई हैं। इस डांस का वीडियो सामने आने के बाद प्रियंका गांधी भाजपा नेताओं के साथ-साथ आम लोगों के निशाने पर आ गई हैं।इस वीडियो को साझा करते हुए भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने प्रियंका गांधी पर तंज कसते हुए लिखा, 26/11 के वक्त राहुल गांधी ने भी देर रात तक पार्टी की थी। भाई की तरह ही प्रियंका गांधी भी उस वक्त गोवा में डांस कर रही हैं, जब पूरा देश सीडीएस जनरल बिपिन रावत के अंतिम संस्कार के कारण शोक में डूबा हुआ है। क्या कोई बात इससे भी ज्यादा शर्मनाक हो सकती है? भाजपा प्रवक्ता शहजाद जय हिंद ने भी प्रियंका गांधी के वीडियो को लेकर हमला बोला। उन्होंने लिखा- एक तरफ पूरा देश वीरों को खोने का शोक मना रहा है। अभी तो सीडीएस बिपिन रावत के अंतिम दर्शन के समय पूरे देश की आंखें नम हैं। दूसरी ओर प्रियंका गांधी हंस रही हैं, नाच रही हैं और जश्न मना रही हैं।

## खुशी मनाते हुए किसानों की घर वापसी शुरू

**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन स्थगित किए जाने के बाद किसान आज खुशी मनाते हुए घर वापसी कर रहे हैं। भारी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रालियां होने की वजह से जीटी रोड पर जाम लगा हुआ है। हालांकि जीटी रोड पर जाम की आशंका को देखते हुए किसानों ने अलग-अलग जत्थों में निकलने का फैसला किया था। सिंघू बॉर्डर, कुंडली बॉर्डर, टिकरी बॉर्डर और गाजीपुर बॉर्डर (दिल्ली-यूपी सीमा) से भी किसान अपने घरों की ओर रवाना हो रहे हैं। गाजीपुर बॉर्डर पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों का एक बड़ा समूह कल सुबह आठ बजे यह क्षेत्र खाली कर देगा। आज की बैठक में हम बात करेंगे, प्रार्थना करेंगे। इसके साथ ही उन लोगों से मिलेंगे जिन्होंने हमारी मदद की। इसमें चार से पांच दिन लगेंगे। मैं अपने घर की ओर 15 दिसंबर को निकलूंगा।



खुशी खुशी घर वापसजाते किसान

## मप्र पंचायत चुनाव: सुको ने सुनवाई की अगली तारीख 13 दिसंबर तय की

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 13 दिसंबर तय की है। महाराष्ट्र सरकार के द्वारा OBC आरक्षण बढ़ाए जाने के खिलाफ दायर याचिका के साथ ही मध्यप्रदेश की पंचायत चुनाव में रोटेशन का पालन न करने वाली याचिका की सुनवाई एक साथ होगी।मप्र हाईकोर्ट के चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार करने पर कांग्रेस ने देश की शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है। कोर्ट ने याचिका को स्वीकार कर लिया है। ग्वालियर खंडपीठ का निर्णय आने के बाद कांग्रेस नेता सैयद जाफर और जया ठाकुर ने 7 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका की पैरवी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने की। दरअसल, सरकार ने 2019-20 में पंचायत चुनाव का आरक्षण निर्धारित कर दिया था। इसकी अधिसूचना जारी हो गई थी।



### हाईकोर्ट ने चुनाव रोकने से किया था इंकार

इस पुरानी अधिसूचना को निरस्त किए बिना सरकार ने अध्यादेश के माध्यम से नई अधिसूचना जारी कर दी। राज्य सरकार ने 21 नवंबर 2021 को आगामी पंचायत चुनाव को 2014 के आरक्षण रोस्टर के आधार पर कराने की घोषणा की है। याचिका में कमल नाथ सरकार के समय हुए परिसीमन को निरस्त करने और 2014 की स्थिति में लागू परिसीमन व आरक्षण के आधार पर पंचायत चुनाव कराने पर आपत्ति उठाई गई है। सुप्रीम कोर्ट जाने से पहले इस मामले में हाईकोर्ट ने 9 दिसंबर को मध्यप्रदेश में पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट में करीब 40 मिनट तक बहस चली। फैसले के बाद वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने कहा था कि अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

## अवैध खनन से बने गड्ढे में तीन बच्चे डूबे

**रायसेन के बाड़ा देवरी में बड़ा हादसा**

भोपाल। अवैध खनन से बने गड्ढे में तीन बच्चे डूबे रायसेन जिले में बाड़ा देवरी गांव में तीन भाई बहन एक गड्ढे में भरे पानी में डूब गए। हादसा शुक्रवार को हुआ था। बच्चे सड़क के लिए गांव में अवैध उत्खनन से बने गड्ढे में भरे पानी में नहाने गए थे तब यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम बाड़ा देवरी में रहने वाला राधेश्याम वंशकार शुक्रवार को मजदूरी पर गया था। वहीं उसकी पत्नी राशन लेने दुकान पर गई थी। इस बीच उनके तीन बच्चे विशाखा, जानकी और सबसे छोटा बच्चा जो दोनों का भाई था चार साल का विवेक नहाने के लिए घर से चले गए थे। वे सड़क बनाने के लिए की गई अवैध खुदाई से बने गड्ढे में उतर गए लेकिन इसके बाद वे बाहर नहीं आ सके। तीनों की लाशें ही बाहर आ सकीं। बताया जाता है कि जिस गड्ढे में बच्चों की डूबने से मौत हुई वह अवैध उत्खनन कर बनाया था। अवैध खनन सड़क बनाते समय हुआ था और इस कारण वहां गड्ढा हो गया।

### राज्यपाल मंगु भाई की सलाह

## सिकलसेल पीड़ित कपल बच्चा पैदा न करें गर्भ की जांच कराकर अबॉर्शन करा लें

भोपाल। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के एक कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सिकलसेल बीमारी को लेकर सलाह दी है। उन्होंने अबॉर्शन को इस बीमारी का इलाज बता दिया है। सिकलसेल पीड़ित दंपतियों को बच्चे नहीं पैदा करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा- जो लड़का-लड़की (दोनों) सिकलसेल बीमारी से ग्रस्त हैं, वे आपस में शादी कतई ना करें। अन्यथा उनकी संतान भी बीमारी लेकर पैदा होगी। उनका जीवन भी कम ही रहेगा। मां के गर्भ के समय ही जांच हो जाए तो उसका यही इलाज है कि मां-बाप को समझाकर अबॉर्शन करा दें। बच्चे का जन्म ही नहीं हो। राज्यपाल यहां शुक्रवार को बाल पोषण पर अपनी बात रख रहे थे। अच्छी लड़की है, पैसे वाला लड़का है, पर सिकलसेल है तो शादी मत करना प्रशासन अकादमी में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा, सिकलसेल बीमारी बहुत खतरनाक है। हम कॉलेज में जाकर युवाओं को समझाते हैं कि कितनी भी अच्छी लड़की हो, कितना भी पैसे वाला लड़का हो, अगर दोनों को सिकलसेल है तो आपस में शादी मत करना। गुजरात में हम ट्राइबल में बोलते थे, किसी के पास सिकलसेल वाला यलो कार्ड है तो उससे शादी मत करना। दोनों यलो कार्ड वालों की शादी हुई तो उनसे जो बच्चा आएगा, वह सिकलसेल वाला ही आएगा। राज्यपाल ने कहा कि मैंने बीमार बच्चों को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। मेरे करीबी के दो बच्चों को मैंने ऐसा होते देखा है। तीन दिन की बुखार में बच्ची चली गई। फिर 14 साल की बच्ची भी चली गई। मैंने उस दौरान ही सिकलसेल को लेकर प्रयास शुरू किया। इसका कुछ न कुछ इलाज हो। वहां मंत्री रहने के दौरान इसे लेकर दवा व जांच शुरू की गई। मध्यप्रदेश में भी देखा कि 1.75 करोड़ ट्राइबल हैं। यहां भी इसे लेकर प्रयत्न कर रहे हैं। इसे लेकर मुख्यमंत्री से बात भी हुई। मां के गर्भ में ही बच्चे का इलाज हो तो ही फायदा है। नहीं तो बाद में इलाज का कोई मतलब नहीं।



## इंदौर में रेडिमेड गारमेन्ट कारोबारियों पर केंद्रीय जीएसटी की टीम का छापा

### करोड़ों की कर चोरी के सबूत मिले

**इंदौर,** । सेंट्रल जीएसटी (सीजीएसटी) ने इंदौर के दो कारोबारी समूहों पर कर चोरी को आशंका में कार्रवाई करते हुए छापा मारा। दोनों समूह रेडिमेड गारमेंट इंडस्ट्री से जु? है। तिलकपथ स्थित जीएच एंड कम्पनी और शिव विलास पैलेस स्थित सनराइज एजेंसी जांच के दायरे में है। शुक्रवार शाम से शुरू हुई जांच शनिवार को भी जारी है।सीजीएसटी की प्रिवेंटिव विंग दोनों समूहों पर जांच कर रही है। समूह इंदौर में रेडिमेड गारमेंट्स उद्योग के सबसे ब? आ?तियों के रूप में जाने जाते हैं। इंदौर की करीब 200 गारमेंट फैक्ट्रियों का माल खरीद कर प्रमुख रूप से दक्षिण भारत के शहरों में आपूर्ति करते हैं। इस दौरान बिना बिल और कच्ची पर्चियों पर कारोबार करने के साथ कम मूल्य दिखाकर कर और जीएसटी चोरी करने के चलते जांच के दायरे में है। विभाग को प्रारंभिक रूप से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की कर चोरी के सबूत मिल चुके हैं।

### शिक्षा मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी, रहें सतर्क

## बच्चों की आनलाइन गेमिंग पड़ न जाए भारी

**नई दिल्ली** । कोरोना संकटकाल में इंटरनेट, मोबाइल और कंप्यूटर भले ही बच्चों की आनलाइन पढ़ाई का बड़ा माध्यम बनकर उभरे हैं, लेकिन अब इनके भारी दुष्परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। इनसे बच्चों में आनलाइन गेमिंग की लत बढ़ रही है। ऐसे में शिक्षा मंत्रालय ने स्कूलों से जुड़े बच्चों को इससे बचाने के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें माता-पिता और शिक्षकों को इसे लेकर सतर्क किया गया है। साथ ही इंटरनेट, मोबाइल या कंप्यूटर पर कामकाज के दौरान बच्चों पर पूरी नजर रखने की सलाह दी गई है।हाल ही में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें बच्चों की आनलाइन गेमिंग की लत के कारण परिवार का पूरा बैंक खाता ही साइबर अपराधियों ने साफ कर दिया। शातिर अपराधियों ने बच्चों के साथ आनलाइन गेम में जुड़कर गोपनीय जानकारी हासिल की। फिर वारदात को अंजाम दिया। यही नहीं, बच्चों के स्वास्थ्य पर भी आनलाइन गेम का काफी दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। शिक्षा मंत्रालय से जुड़े स्कूली शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को यह एडवाइजरी ऐसे समय जारी की, जब बच्चों की आनलाइन पढ़ाई पर निर्भरता बढ़ गई है। एडवाइजरी में कहा गया है कि आनलाइन गेमिंग की बनावट ही कुछ ऐसी होती है, जिसमें बच्चे ने धोखे से भी एक बार प्रवेश किया तो फिर बाहर निकलना मुश्किल होता है। ऐसे में माता-पिता को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। एडवाइजरी में कहा गया है कि कोशिश करें कि आपका बच्चा उसी कंप्यूटर या लैपटाप के जरिये पढ़ाई करे, जिसका इस्तेमाल परिवार के लोग करते हैं। एडवाइजरी में शिक्षकों से बच्चों को इंटरनेट आदि के इस्तेमाल को लेकर सतर्क करने और आनलाइन पढ़ाते समय उनके व्यवहार आदि पर ध्यान रखने की सलाह दी गई है। कुछ भी संदेहास्पद मिलने पर तुरंत स्कूल प्रशासन को इसकी जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं।



### इन कामों से परहेज की सलाह

- माता-पिता की सहमति के बिना इन-गेम खरीदने की अनुमति न दें। एप खरीदारी से बचने के लिए ओटीपी आधारित पेमेंट की प्रक्रिया को अपनाया जा सकता है।
- सदस्यता के लिए एप पर क्रेडिट और डेबिट कार्ड के पंजीकरण से बचें। प्रति लेन-देन व्यय की ऊपरी सीमा निर्धारित करें।
- बच्चों को अज्ञात वेबसाइटों से साफ्टवेयर और गेम डाउनलोड न करने की सलाह दें।
- उन्हें वेबसाइटों में लिंक, तस्वीरों और पाप-अप पर क्लिक करने से सावधान रहने के लिए कहें।
- उन्हें सलाह दें कि गेम डाउनलोड करते समय इंटरनेट पर व्यक्तिगत जानकारी न दें।

### दिक्कत होने पर दर्ज कराएं शिकायत

एडवाइजरी में किसी तरह की दिक्कत या फ्राड होने पर मदद के लिए लिंक भी दिया गया है। किसी तरह की दिक्कत होने पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके लिए नेशनल हेल्पलाइन और राज्यस्तरीय नोडल आफिसर का लिंक उपलब्ध है।



# 7 डिग्री के साथ सर्द होगी रात

## कटनी में उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंडक



**कटनी।** उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं ने कटनी सहित मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि वर्तमान में कोई वेदर सिस्टम सक्रिय नहीं है। उत्तर भारत में क ड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहां से आ रही उत्तरी हवाओं के कारण जहां दिन में सिहरन महसूस होने लगी हैए वहां रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज होने लगी है। इस तरह की स्थिति अभी दो दिन तक बनी रह सकती है। इसके बाद हवाओं का रुख बदलने से तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने लगेगी। जबलपुर मौसम विज्ञान केंद्रक माने तो शुक्रवार को कटनी जिले का अधिकतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से दो डिग्री से. कम रहा।

### 13 को आएगा पश्चिमी विक्षोभ

उधर मौसम से संबंधित पूर्वानुमान बताने वाली वेब साइट एक्यूवेदर ने बताया कि वर्तमान में लगभग 12 किलोमीयर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। तापमान में गिरावट का सिलसिला दो दिन तक बना रहने के आसार हैं। उधर 13 दिसंबर को एक तीव्र आवृति वाले पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में प्रवेश करने की संभावना है। इस सिस्टम के प्रभाव से एक बार फिर हवाओं का रुख बदलेगा। इससे 14 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। इससे ठंड कम होगी। हालांकि इस सिस्टम के असर से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी होने की उम्मीद है। जिसके चलते दो.तीन दिन में पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ जाने के बाद एक बार फिर रात के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज होने लगेगी। विवाह कार्यक्रम वाले घरों में ठंड से काफी दिक्कत हो रही है। शहर में आज से अगले 4 दिनों तक काफी विवाह समारोह हैं महीनों पहले से इसकी बुकिंग कराई गईं। अब ठंड के कारण नई नई व्यवस्था समारोह के आयोजनकर्ता कर रहे हैं। आज की रात तो ठंडी होगी ही अगले 48 घंटे भी ठंड बढ़ने की उम्मीद है। वैसे बीती रात भी सर्दी ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया था जब तापमान तीन डिग्री सेल्सियस गिर गया था।

# परिवार में आईं एक साथ तीन खुशियां



**कटनी।** उमरिया निवासी एक परिवार को गत दिनों तिहरी खुशी प्राप्त हुई। प्रसूता शिवानी दिवेदी पति रवि दिवेदी चंदिया उमरिया निवासी गत दिवस प्रसव पीड़ा के बाद कटनी जिला चिकित्सालय लाई गई थी जिन्होंने तीन स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। जच्चा बच्चा स्वस्थ हैं।

# स्कूलों में फर्जी जांचकर्ता को एक वर्ष का सश्रम कारावास

**कटनी।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा प्रकरण क्रमांक 2629/2006 में स्कूल कार्यकर्ता के द्वक्तर्जी जांचकर्ता वाले आरोपी दानवेन्द्र शुक्ला पिता स्वर्गीय राममनोहर राय शुक्ला को धारा 420 में 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदंड तथा धारा 385 में 06 माह का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदंड एवं धारा 471, 34 भादवि में 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग द्वारा की गई। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 26 फरवरी 2004 को तीन व्यक्ति शहर के कई स्कूलों में चैकिंग के बहाने से गये थे। जिनमें से एक ने अपना नाम दिनेश द्विवेदी बोर्ड का सदस्य बताया तथा उनके साथ जो दो अन्य लोग थे। उसने अपना नाम दानवेन्द्र शुक्ला तथा दूसरे ने अपना नाम ओकप्रकाश श्रीवास्तव बताया तथा अपने आप को बोर्ड का कर्मचारी बताते हुए धौंस के साथ दिनेश द्विवेदी के साथ चैकिंग हेतु आना बताया। उक्त तीनों व्यक्ति नगर के विभिन्न स्कूलों में जाकर वहां के प्राचार्यों से कुछ कोरे प्रोफॉर्मा में हस्ताक्षर करवाए तथा बोले कि आप लोगों के स्कूल घुडसाल, कचरा घर है। आप लोगों की मान्यता क्यों न रद्द कर दी जाये। इस प्रकार की धौंस देते हुए यह कहकर कि 4 से 5 बजे के बीच अपने समस्त कागजात लेकर किसी से 8000 रूपए किसी से 10 हजार रूपए वकी गिफ्ट लेकर होटल विनायका आने को कहा और तीनों लोगों ने बोला कि जो नहीं आयेगा उसकी मान्यता रद्द कर दी जायेगी। ऐसा कहकर प्रोफॉर्मा लेकर चले गये। अलग-अलग समय पर पहुंचकर तीनों ने सभी जगह लगभग ऐसा ही कहा। इसी प्रकार महिला प्राचार्यों को भी होटल बुलवाया गया जो अवैधानिक है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं मण्डल सचिव से फोन पर चर्चा करने से ज्ञात हुआ कि उपरोक्त को किसी भी प्रकार से मान्यता जांच हेतु नही भेजा गया। न ही उनके द्वारा जिला कार्यालय को कोई सूचना जानकारी दी गई। उक्त व्यक्तियों के बारे में पता करके जांच की गई। इसके बाद सभी विद्यालयों के प्राचार्य शाम 4 बजे विनायका होटल के बताए गए कमरे में गये। जहां पर दिनेश द्विवेदी एवं अन्य दोनों द्वारा कहा गया कि एक-एक करके सभी विद्यालयों के प्राचार्य आयें तब शिक्षक संघ के सदस्य एवं प्राचार्य गये तथा परिचय पत्र एवं बोर्ड आदेश मांग तो उन्होंनें 2002 को जारी परिचय पत्र दिखाया तथा मान्यता संबंधी जांच का आदेश जो दिनांक 02 मार्च 2004 को जारी किया गया था दिखाया जो फर्जी समझकर प्राचार्य एवं शिक्षकों ने थाने में सूचना देते हुए कार्यवाही के संबंध में लिखित शिकायत की। उक्त लिखित सूचना के आधार पर अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना कटनी के अपराध क्रमांक 161/2004 अंतर्गत धारा 420, 385, 34 के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा विवेचना उपरांत न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। अन्य अभियुक्तगण दिनेश द्विवेदी तथा ओकप्रकाश श्रीवास्तव फरार है।

# उपभोक्ताओं से इन्सपेक्शन रिपोर्ट के नाम पर उगाही

## 236 रुपये की रसीद उपभोक्ताओं को थमाई जा रही



**कटनी।** घरेलू गैस सिलिंडर के दामों ने वैसे भी उपभोक्ताओं के हाल बेहाल कर रखे हैं। ऊपर से गैस कंपनी इन दिनों उपभोक्ताओं से इन्सपेक्शन रिपोर्ट के नाम पर रुपयों की उगाही कर रहे हैं। प्रति उपभोक्ता 236 रुपये की रसीद उपभोक्ताओं को थमाई जा रही है। यदि उपभोक्ता इन्पेक्शन रिपोर्ट की रसीद लेने से मना करता है तो उसे सिलिंडर न देने के लिए कहा जाता है। इससे आम जनता परेशान है। भारत पेट्रोलियम की यह रसीद घरेलू एलपीजी गैस संस्थापन अनिवार्य सुरक्षा निरीक्षण के नाम पर ली जा रही है। इन दिनों कटनी में एलपीजी सिलिंडर की कीमत 922 रुपये है। डिलेवरी चार्ज के नाम पर एजेंसियों ने इस सिलिंडर की कीमत वैसे भी करीब साढ़े 9 सौ कर दी है। ऊपर से सुरक्षा निरीक्षण के नाम पर लिया जाने वाली इस राशि ने उपभोक्ताओं की कमर तोड़कर रख दी है।

### ऊषा गैस एजेंसी ने रखा अपना तर्क

वहीं मामले में ऊषा गैस एजेंसी के संचालक श्री गर्ग ने बताया कि यह राशि पहले दो वर्ष के लिए ली जाती थी। अब यह राशि एक बार देने पर पांच वर्ष तक सुरक्षा की राशि नहीं देनी पड़ेगी लेकिन यह राशि गैस कंपनी द्वारा ली जा रही है। इसमें ऐजेंसी का कोई रोल नहीं है। कस्टमर केयर ने कहा राशि सही लेकिन रसीद लें = मामले में कस्टमर केयर मामले में कस्टमर केयर से बात करने पर पता चला कि यह लीगली राशि सही ली जा रही है लेकिन इसकी रसीद आवश्यक रूप से लें। मामले में नईदुनिया ने पेट्रोलियम कंपनी के कस्मटर केयर नंबर 18002333555 पर बात की थी।

# वार्ड की सड़कों सहित नाले-नालियों की कराई गई सफाई

**कटनी।** नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई अभियान आयोजित किया जा रहा है। वार्ड के विभिन्न स्थलों की सफाई के बाद कचरा उठावाया गया। नगारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार सुबह बरगवां मुख्य मार्ग में धूल से बचाव के लिए टेंकर के माध्यम से सडक किनारे पानी का छिड़काव के बाद झाडू लगाकर धूल मिट्टी की सफाई एवं सैल्फी प्वाइंट की धुलाई का कार्य कराया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्डवार आयोजित किये जा रहे सफाई अभियान के तहत शुक्रवार सुबह बाबू जगजीवन राम वार्ड में सफाई अभियान आयोजित किया गया। अभियान के माध्यम से स्वच्छता दूतों मित्रों द्वारा वार्ड के विभिन्न स्थलों जैन कॉलोनी, पूर्व पार्षद बाबर खान गली, राणा होटल के पास सहित अन्य स्थलों के नाले नालियों के अपशिष्ट की सफाई, मुख्य एवं अन्य मार्गो में झाडू का कार्य कर वार्ड को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

# आगाज इंटर्नशिप ने गांवों में बाल मजदूरी को लेकर जागरूकता फैलाई



**कटनी।** आगाज इंटर्नशिप 2021 कटनी जिले के इंटर्न शिवम द्विवेदी एवम उनके साथियो द्वारा ग्राम पोड़ी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल मजदूरी के प्रति जागरूकता फैलाई गई जिसमें तिलक महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको में रेणुका राजपूत सृजन सोनी अभिनंदन संजय मोर्य ममता अनामिका नम्रता तिवारी ब्रजेश पंकज मेघा विश्कर्मा की उपस्थिति रही नाटक के माध्यम से बाल संरक्षण के बाते कही गई और चाल्ड लाइन नवम्बर 1098 के बारे में बताया गया ग्राम पोड़ी में लोगो को जागरूक किया जिसमें समस्त ग्राम वासियो की उपस्तिथि रही।

## बड़वारा संकुल अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला नन्हवारा सेझा का हाल

# जान जोखिम में डाल जर्जर छत के नीचे शिक्षा हासिल कर रहे छात्र-छात्राएं



**कटनी।** जिसूबे में छात्र-छात्राओं को शिक्षित करने के लिए सरकार के द्वारा पानी की तरह पैसा खर्च किया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद आज भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते शिक्षा के मंदिरों की हालत दयनीय बनी है। जहां छात्र-छात्राएं अपनी जान जोखिम में डालकर जर्जर छत व उधडी हुई फर्श में बैठ कर के शिक्षा ग्रहण करने को विवश हैं।

जिला के बड़वारा संकुल अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला नन्हवारा सेझा में कक्षा पहली से पांचवीं तक के छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त करने के लिए आते हैं। यहां लगभग 99 छात्र-छात्राओं की संख्या दर्ज है। इनको शिक्षित करने के लिये तीन शिक्षक हैं, लेकिन इस स्कूल में जर्जर छत तथा उधड़ी हुई फर्श है, जो कि खस्ताहाल स्थिति में है जिससे छात्र तथा छात्राओं को दहशत के साये में अध्ययन करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि विभागीय अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं है। शाला के प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा अधिकारियों को और सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम को मौखिक सूचना भी दी जा चुकी है। बड़वारा जनपद कार्यालय में भी पूर्व में लिखित सूचना दी जा चुकी है और अखबारों में प्रकाशन भी करवाया जा चुका है। किंतु अधिकारियों के द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है।

### युवाओं का रूझान पशुपालन की ओर बढ़े

**कटनी ।** आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अंतर्गत युवाओं का रूझान पशुपालन की ओर बढ़े, इसको लेकर पशुपालन व डेयरी विभाग द्वारा जिले के शासकीय व अशासकीय कॉलेजों में युवा संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उपसंचालक पशुपालन व डेयरी विभाग ने बताया शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ 15 दिसंबर, शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में 22 दिसंबर को, शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में 5 जनवरी 2022, शासकीय महाविद्यालय सिलौंड़ी में 12 जनवरी, शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में 19 जनवरी, शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में 28 जनवरी, सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज में 2 फरवरी को, श्रमधाम कला व वाणिज्य महाविद्यालय कैमोर में 9 फरवरी, कैमोर महाविद्यालय कैमोर में 16 फरवरी को, कटनी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कटनी में 23 फरवरी को, श्री श्रीनिवास सरावगी महाविद्यालय कटनी में 2 मार्च को, राजीव गांधी कला व वाणिज्य महाविद्यालय रीठी में 9 मार्च को, पंडित द्वारकादास महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में 16 मार्च और सायना इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में 23 मार्च को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट से परेशान लोग पहुंचे दफ्तर जमकर जताया आक्रोश, शहरी क्षेत्रों के भी लोग परेशान

## ढोल नगाड़े बजवा कर किसानों ने किया पावर हॉउस का घेराव





**कटनी।** शहर तो ठीक ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट लोगों की परेशानी का कारण बन रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत फाल्ट सुधारने को लेकर है।

जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से ट्रांसफार्मर बदले जाने की खबरें जरूर मिल रहीं हैं लेकिन इन सब के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत आए दिन विद्युत विभाग से परेशान किसान धरना प्रदर्शन एवं पावर हॉउस का घेराव किया जा रहा है। फिर भी नहीं हो रहा सुधार आज फिर एक बार ढीमरखेड़ा अंतर्गत झिन्ना पिपरिया विद्युत पावर हॉउस सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक घेराव किया गया। ढोल नगाड़े बजवा कर किसान पावर हॉउस का घेराव किया गया। इसमें कई गांव के सैकड़ों किसान द्वारा घेराव किया गया। क्षेत्र के बिजली ठप कर विद्युत ऑफिस में लगाया ताला लगाकर किसानों द्वारा आंदोलन किया गया। इस बीच पुलिस टीम विद्युत विभाग के एई स्लीमनाबाद मौके में पहुंचकर किसानों को आश्वासन दिया के 2 से 3 दिन में विद्युत लोड की समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा।


शहर से लेकर गांव तक इन दिनों बिजली विभाग से नागरिक परेशान हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित कटौती से नागरिक परेशान हैं। इसको लेकर विगत दिवस बरही सहित अन्य स्थानों पर प्रदर्शन भी हुए थे। शहर में भी कई स्थानों पर नागरिक और जनप्रतिनिधि अपनी समस्याएं सुलझाने के लिए नागरिक विभाग को पत्र लिख रहे हैं लेकिन समस्याएं हैं कि सुलझने का नाम नहीं ले रही हैं। कटनी जिले में रबी 2021 मौसम में विगत वर्ष की तुलना में इस बार फसलों का रकबा सात फीसद बढ़ने से उत्पादन में आठ फीसद की वृद्धि होने का अनुमान हैं। लेकिन जिले में किसानों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रहे रही है। इसकी बड़ी वजह बिजली है। किसानों ने बताया कि जिले का अन्नादाता मुश्किल में है। किसानों ने कहा कि इस समय गेहूं की फसल के पानी की आवश्यकता है। किसान बोरवेल के पानी से अपनी फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। लेकिन बोरवेल के लिए बिजली होना जरूरी है और बिजली विभाग बिजली नहीं दे रहा है। जिससे किसान आक्रोशित हैं।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज, शानदार दूसरा सप्ताह


रोजाना 2 शो दोपहर 2 बजे एवं रात्रि 10.15 बजे से
तड़प
कलाकार- अहान शेट्टी, तारा सुतारिया, सौरभ शुक्ला, कुमुद मिश्रा, सुमित गुलाटी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
10 दिसम्बर से ऑल इंडिया रिलीज


रोजाना 3 शो दोपहर 12 बजे 4 :30, 5 :30 बजे से
VELLE
द क्राइम कॉमेडी फिल्म
एडवांस बुकिंग चालू है

ता. 10 दिसम्बर से
JOIN US : नीरज सिनेप्लेक्स


ऑल इंडिया रिलीज
MUDDY
(हिन्दी में)
एक्शन, एडवेन्चर मूवी
कलाकार - रिधान कृष्णा, सुरेश अनुधा, रेन्जी पनिकर, हरीश पेराड़ी आईएम विजयन, अमित नायर, सुनील सुखाड़ा, मनोज गिनीज।
रोजाना 3 शो ता. 10 दिसम्बर से 12 PM, 3PM और 6 PM

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में
10 दिसम्बर से ऑल इंडिया रिलीज


रोजाना 5 शो दोपहर 12 :30, 3 बजे, शाम 7, 8 एवं रात्रि 9 :30 बजे
चंडीगढ़ करे आशिकी
रोमांस एवं कॉमेडी से भरपूर लव स्टोरी
एडवांस बुकिंग चालू है

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 11 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# पहले से संचालित मॉडल स्कूल सीएम राइज में मर्ज

## स्ट्रक्चर डेव्लपमेंट के बाद अगले सत्र से होगा संचालन

**कटनी। बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा सीएम राइज स्कूल योजना संचालित की जा रही है। इन स्कूलों में बच्चों को अध्यापन के साथ ही हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाना है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना में पहले अलग से सीएम राइज स्कूल बनाए जाने थे लेकिन आखिर में मॉडल स्कूलों को ही सीएम राइज में कन्वर्ट कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रथम चरण में अभी सीएम राइज स्कूलों में स्ट्रक्चर डेव्लपमेंट किए जाने पर काम चल रहा है, इसके बाद सीएम राइज स्कूल अगले सत्र से ही संचालित हो पाएंगे।**




### बच्चों को मिलेगी वर्ल्ड क्लास शिक्षा, हर तरह की मिलेगी सुविधा

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा देने के लिए सीएम राइज स्कूल की योजना तैयार की गई है। सरकार की मंशा है कि इन स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के साथ ही हर तरह की सुविधा मिले, जिसमे हॉस्टल भी शामिल है। इस योजना के अंतर्गत 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के बच्चों को केजी से लेकर कक्षा बारहवीं तक एक ही स्कूल में बेहतर शिक्षा देने की मंशा है। इन स्कूलों में सीबीएसई और आइसीएसई बोर्ड के मुकाबले शिक्षा देने का दावा किया गया है। इस योजना के तहत प्रथम वर्ष लगभग 3 हजार बच्चों को प्रवेश दिलाया जाना है। शिक्षा विभाग द्वारा सीएम राइज योजना के तहत खोले जाने स्कूलों के लिए बच्चों की जानकारी जुटाई जा रही है। किन-किन गांवों के बच्चे इन स्कूलों में पहुंच सकेंगे। इस योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2020-21 से ही प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और स्कूल का संचालन 2021-22 से ही हो सकेगा।

### बिल्डिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस

सीएम राइज स्कूल के लिए बिल्डिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर की बेहद आवश्यकता है, इसके लिए इंजीनियरों से प्लान तैयार कराया जा रहा है। इन स्कूलों में हायर सेकंडरी तक की पढ़ाई हिंदी और इंग्लिश माध्यम से होगी। एक स्कूल पर लगभग 20 करोड़ रुपए खर्च किया जाना है, हालांकि भवन और शिक्षकों की आवश्यकता सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। सीएम राइज स्कूलों में स्वीमिंग पुल से लेकर सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। इन स्कूलों में छात्रों को घर से ले आने के लिए बस आदि भी मुहैया कराई जाएगी। सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए नर्सरी से केजी-1 व केजी-2 जैसे तीन सीखने के प्लेट फार्म तैयार होने से उनकी दक्षता की नींव मजबूत होगी। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों के नक्शे तैयार कराए जा रहे हैं।

### इन स्कूलों में मर्ज हुए सीएम राइज स्कूल

जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि सीएम राइज स्कूल के लिए जिले के 6 मॉडल स्कूलों का चयन किया गया है। जिसमे जिले के 6 मॉडल स्कूल शामिल है। इन स्कूलों में मॉडल स्कूल झिंझरी, मॉडल स्कूल बहोरीबंद, मॉडल स्कूल ढीमरखेड़ा, मॉडल स्कूल बड़वारा, मॉडल स्कूल विजयराघवगढ़, मॉडल स्कूल रीठी सहित कटनी जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हॉयर सेकेंडरी स्कूल कन्हवारा को मर्ज किया जा रहा है। जिला स्तर पर संपूर्ण जानकारी शिक्षा विभाग द्वारा शासन-प्रशासन को भेज दी गई है।



### शिक्षकों के चयन के लिए परीक्षा

बताया जाता है कि सीएम राइज स्कूलों में योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कराया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विगत 28 नवंबर को एक चयन परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमे बड़ी संख्या में शिक्षकों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा का परिणाम अभी घोषित नहीं किया गया है।

### सीएम राइज स्कूल की विशेषताएं

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीएम राइज स्कूल योजना के अंतर्गत अच्छी अधोसंरचना, हर विद्यार्थी के लिए परिवहन की सुविधा, नर्सरी, केजी कक्षाएं, शत प्रतिशत शिक्षक, स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल लर्निंग, प्रयोगशालाएं एवं पुस्तकालय, व्यावसायिक शिक्षा का लाभ व अभिभावकों की सहभागिता पर जोर दिया जा रहा है।

### इनका कहना है

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सीएम राइज स्कूल योजना संचालित की जा रही है। प्रथम चरण में जिले के 6 मॉडल स्कूलों में सीएम राइज स्कूल संचालित किए जाएंगे। इसके लिए स्ट्रक्चर डेव्लपमेंट किया जा रहा है। शिक्षकों के चयन के लिए परीक्षा हो चुकी है। स्कूल अगले सत्र से संचालित होंगे।

**-पृथ्वीपाल सिंह,** जिला शिक्षा अधिकारी

# जलाशयों को पट्टे पर देने मत्स्य विभाग की लापरवाही

## जनपद पंचायत रीठी के 6 जलाशयों का मामला, एक साल पहले भेजा गया था प्रकरण, समितियां परेशान

**कटनी/रीठी।** कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थित मत्स्य पालन विभाग द्वारा जिले में मत्स्य पालन के लिए जलाशयों को पट्टे पर दिए जाने के मामले में जमकर लापरवाही बरती जा रही है। आलम यह है कि पिछले एक साल से कई जलाशयों के प्रकरण लंबित है, इसके बावजूद मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। ताजा मामला जनपद पंचायत रीठी का है, जहां पिछले साल 6 जलाशयों को पट्टे पर दिए जाने के लिए मत्स्य विभाग में आवेदन भेजे गए हैं लेकिन विभाग ने इन जलाशयों को पट्टे पर देने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रीठी तहसील के अंतर्गत जनपद पंचायत रीठी के तहत 6 जलाशयों में मत्स्य पालन के लिए विगत 1 वर्ष से जनपद पंचायत रीठी की सामान्य सभा से प्रस्ताव पारित करके अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला मत्स्य विभाग को को प्रकरण भेजा गया था। जिसमे अहिरगवां जलाशय, भरतला जलाशय, गुरजीकला जलाशय के साथ ही पंचायत रीठी के स्वामित्व का सिमरा कुदरी जलाशय भी शामिल है। बताया जाता है कि 1 वर्ष




से अधिक समय बीत जाने के बाबजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण समितियों में बेचैनी देखी जा रही है, जबकि इस संबंध में जनपद पंचायत के संबंधित पंचायत सेल शाखा के लिपिक उत्तम राय द्वारा विभाग को कई बार पत्राचार किया जा चुका है। साल भर बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही न होना जिले के संबंधित विभाग प्रशासन के द्वारा घोर लापरवाही दर्शाता है। इस मामले में कलेक्टर से हस्तक्षेप किए जाने की अपेक्षा की जा रही है।

# राज्यपाल को भेंट की पुस्तक

**कटनी।** वनवासी विकास परिषद के जिला सम्पर्क प्रमुख केशव कमल मोहनानी ने कटनी प्रथम आगमन आए मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल से सौजन्य भेंट की एवं शाल, श्रीफल भेंट कर स्वागत किया और जिले के आध्यात्मिक लेखक ढोलन दास मोहनानी सुरेश अकेला द्वारा लिखित पुस्तक अकेला पथ इंसानियत भेंट की गई। पुस्तक पर महामहिम राज्यपाल ने प्रशंसा भी जाहिर की। मुलाकात के दौरान श्री मोहनानी ने महामहिम राज्यपाल को वनवासी विकास परिषद द्वारा किए जा रहे जनजाति समाज के विकास के कार्यों की जानकारी दी और जनजाति समाज से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की एवं व्यापारी वर्ग की समस्याओं को भी प्रमुख रूप से रखा।

# सोमवार को मिलेगी बैंक कर्मचारी की कोरोना वैरिएंट रिपोर्ट

**कटनी।** केरल से कटनी आकर कोरोना संक्रमित हुए स्टेट बैंक कर्मचारी में कोरोना के नए वैरिएंट डेल्टा और ओमिक्रोन का पता लगाने के लिए दिल्ली भेजे गए सेम्पल की रिपोर्ट सोमवार को मिलने की संभावना है। उधर दूसरी तरफ बैंक के सभ्री 18 कर्मचारियों की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आने से स्वास्थ्य विभाग के साथ ही बैंक प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। इन कर्मचारियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि नहीं होने के बाद अब बैंक शाखा भी खुल गई है। विदित हो कि मूल रुप से केरल निवासी 28 वर्षीय युवक भारतीय स्टेट बैंक की माधवनगर शाखा में पदस्थ है। वह किसी कार्यवश केरल गया था और विगत 28 नवंबर को केरल से कटनी आया था। कटनी वापस आने के बाद से उसे सर्दी, खांसी और बुखार हो गया। उसे निजी चिकित्सक से परामर्श लिया, लेकिन आराम नहीं मिला। सर्दी, खांसी और बुखार ठीक नहीं होने पर उसके द्वारा आरटीपीसीआर टेस्ट कराया गया, जिसकी रिपोर्ट रविवार को मिली और वह कोरोना पॉजीटिव पाया गया। उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराते हुए संक्रमित युवक का सेंपल लेकर कोरोना वैरिएंट की जांच के लिए दिल्ली भेजा गया था, जहां से सोमवार को रिपोर्ट मिलने का अनुमान है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि बैंक कर्मचारी के संपर्क में आए 18 कर्मचारियों के भी सेंपल लिए गए थे, जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है।




**28 नवंबर को केरल से कटनी आकर हुआ था पॉजीटिव**

# उपभोक्ताओं को बांटा घटिया क्वालिटी का गेंहू और चावल

## शिकायत के बाद जांच के नाम पर खाद्य निरीक्षक कर रहे खानापूर्ति





**विजयराघवगढ़। राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से शहर और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को शासकीय उचित मूल्य दुकान से उचित दाम पर राशन दिए जाने का प्रावधान है लेकिन जिले के विजयराघवगढ़ में इस योजना में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि राशन दुकान न तो समय पर खुलती है और न ही राशन का वितरण किया जाता है।**

उपभोक्ताओं ने बताया कि जो चांवल का वितरण किया जाता है, वह बहुत ही घटिया क्वालिटी का है। इसकी शिकायत किए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। विजयराघवगढ़ की उचित मूल्य दूकानों की स्थिति बद से बदत्तर देखी जा रही है। अनेकों बार इस संबधं में समाचार पत्रों द्वारा प्रशासन तक बात पहुंचाई गई है किंतु मामला टांय टांस फिस्स हो गया। उचित मूल्य दूकानदारों की हिटलरशाही दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। उपभोक्ताओं की मानें तो खाद्य निरीक्षक द्वारा जांच में आकर नाश्ता चाय व चढ़ोत्तरी तक ही सीमित रहकर कार्यवाही के नाम पर केवल दिखावा कर दिया जाता है। उपभोक्ताओं द्वारा विरोध करने पर सेल्समैन द्वारा डरा धमकाकर चुप करा दिया जाता है। लोगों ने कलेक्टर से जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए कशिश का चयन

**विजयराघवगढ़।** विगत दिवस जिला स्तरीय वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज में किया गया। प्रतियोगिता के उपरांत जिला दल का गठन किया गया है, जो कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। जिला दल में शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ की छात्रा कशिश बर्मन का चयन किया गया। ज्ञात हो कि चयनित छात्रों ने महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी धीरज डिकोनिया से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। पूरे महाविद्यालय की ओर से चयनित छात्रा को बधाई और शुभकामनाएं दी गई।

**किराये से देना है**

श्री गहोई वैश्य पंचायत भवन स्थित गहोई मार्केट में दुकान किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
कार्यालय ट्रस्ट कमेटी,
लक्ष्मीनारायण
मंदिर रोड, कटनी
फोन- 07622-400519

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने**
**जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

# कॉलेज के छात्रों को बताए मानवाधिकार

**कटनी।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन द्वारा श्रीश्रीनिवास सरावगी कॉलेज में किया गया, जिसमें मानव को जीवन जीने के लिए जो अधिकार प्राप्त हैं, बताए गये। कॉलेज के बच्चों के अधिकारों के बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंचासीन प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला विश्वकर्मा, राजेश तिवारी, महिला विंग जिलाध्यक्ष कल्पना दुबे, जिलाध्यक्ष शरद विश्वकर्मा, डॉ उषा पांडे, एडवोकेट अनन्त पांडे, एडवोकेट संजय चतुर्वेदी, रमाकांत दीक्षित, सीमा चौधरी, शशि शुक्ला, सावित्री तिवारी, शशि दुबे, संतोष श्रीवास, कल्पना चौरसिया, रचना श्रीवास्तव, के के तिवारी, ज्ञानेंद्र शुक्ला एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य कालेज के छात्र.छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन राजेश तिवारी द्वारा एवं आभार प्रदर्शन कल्पना दुबे के द्वारा किया गया।



**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

**मस्तिक रोग विशेष -डॉ. हर्ष सक्सेना डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी**
**(दिनांक 12/12/2021) समय दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक)**
**।। उपलब्ध उपचार।।**
सिर एवं रीढ़ की चोटे, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हेम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.वी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो संबंधी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं पुर्नवास।
**हर माह के दूसरे रविवार 12:00 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।**

**किडनी रोग विशेषज्ञ**
**डॉ. विशाल वडेरा, एम.डी., डी.एन.बी (नेफ्रोलॉजी)**
**(दिनांक 11/12/2021) समय दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक)**
**।। उपलब्ध उपचार।।**
किडनी संबंधी समस्या, ब्लड प्रेशर का बढ़ना, पुराने मधुमेह (शुगर) की बीमारी, पैरों की सूजन होना, पेशाब का कम होना या बार-बार होना, हमेशा गैस का बना रहना या बार-बार गैस बनना, खाने का पाचन सही तरह से न होना, किडनी की समस्त समस्या हेतु संपर्क करें।
**हर माह के दूसरे शनिवार 12:00 बजे से 2:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।**

**त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ**
**डॉ. हितेश लोकवानी**
**एम.बी.बी.एस., एम.डी.**
**डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉम्मेटोलोजिस्ट**
**(दिनांक 25/12/2021) समय प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक)**
**।। उपलब्ध उपचार।।**
कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज , मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना
**हर माह के दूसरे शनिवार 12:00 बजे से 2:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।**

**नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।**

# आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने निर्देश

**कलेक्टर एवं एसपी ने राजस्व तथा पुलिस अधिकारियों की ली संयुक्त बैठक**

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देने व जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने को लेकर शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन की उपस्थिति में जिले के राजस्व व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने कहा कि जिले में प्रभावी आदर्श आचार संहिता का राजस्व व पुलिस विभाग सख्ती से पालन कराए। पंचायत चुनाव हमारी पहली प्राथमिकता है और इसको ध्यान में रखकर संयुक्त रूप से टीम भावना से कार्य किया जाए ताकि शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न हो सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि संपत्ति विरूपण की कार्रवाई सुनिश्चित करें और सरपंच व पंच पद के मतों की मतदान केन्द्र में होने वाली मतगणना के लिए सुरक्षा व्यवस्था के माकूल इंतजाम किए जाएं।



बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए और इसमें राजस्व अधिकारियों के साथ ही पुलिस अधिकारी भी संयुक्त रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जहां कहीं पर भी सुरक्षा को लेकर पुलिस की जरूरत समझ में आए अधिकारी तत्काल सूचना दें ताकि समय पर बल उपलब्ध कराया जा सके। सरपंच व पंच पद के नाम निर्देशन जमा करने बनाए गए क्लस्टर की भी एसडीएम व एसडीओपी संयुक्त रूप से निरीक्षण कर जांच कर लें। अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने बैठक में कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी प्रतिदिन अपडेट कर निर्धारित प्रारूप में प्रदान करें।

### निर्वाचन कार्यक्रम, मतदान केन्द्रों की दी जानकारी

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने स्थानीय निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने मतदान केन्द्र, मतदाताओं की जानकारी, मतगणना, संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की जानकारी प्रदान की। साथ ही नाम निर्देशन प्राप्ति स्थल, राज्य आयोग द्वारा दिशा निर्देशों की जानकारी भी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में दी।

### मास्टर ट्रेनर्स ने बताया जिला सुरक्षा प्लान

राजस्व व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक में मास्टर ट्रेनर्स मुकेश द्विवेदी ने जिला सुरक्षा प्लान को लेकर पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। जिसमें अस्त्रों, शस्त्रों व विस्फोटक पदार्थों की जांच करने, असमाजिक तत्वों की धरपकड़ करने, शराब का अवैध विक्रय रोकने, प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन कराने, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, मतगणना स्थलों की सुरक्षा आदि की जानकारी दी। इसके अलावा संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी जानकारी दी गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



# 600 किलोग्राम महुआ लाहन व10 लीटर अवैध शराब जप्त

### बहोरीबंद क्षेत्र में आबकारी विभाग की कार्रवाई

**कटनी।** जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को आबकारी वृत्त बहोरीबंद अंतर्गत विभागीय अमले द्वारा कार्रवाई करते हुये अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जप्त कर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि गुरुवार को आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम पटना एवं बरही में दबिश दी गई। इस दौरान 600 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 10 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई है। कार्रवाई में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 6 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इस कार्रवाई में जप्तशुदा महुआ लाहन तथा अवैध शराब का अनुमानित मूल्य 31 हजार 500 रुपये है। मौके पर महुआ लाहन का सैम्पल लेकर आबकारी दल द्वारा नष्ट कर दिया गया है।

## कटनी के लिये कलेक्टर होंगे रिटर्निंग आफीसर

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत निर्वाचन 2021-22 के लिये रिटर्निंग ऑफीसर की नियुक्ति के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। जिसके तहत जिला पंचायत कटनी के लिये रिटर्निंग ऑफीसर व सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त करते हुये संशोधित आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत जिले में जिला पंचायत कटनी के लिये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। वहीं अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो एवं तहसीलदार नजूल क्षमा सराफ जिलास्तरीय सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किये गये हैं। नियुक्त किये गये रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसर का अधिकार क्षेत्र सम्पूर्ण क्षेत्र जिला कटनी होगा।



## तम्बाकू सेवन के प्रति आमजन को किया जाएगा जागरूक

### जागरुकता रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

**कटनी।** जिले में तम्बाकू नियंत्रण कानून के पूर्ण परिपालन के लिए जागरूकता लाने रथ रवाना किया गया। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने इस रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मध्यप्रदेश वालेन्ट्री हैल्थ एसोसिएशन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर तम्बाकू नियंत्रण के लिए जागरूकता रथ के द्वारा जिले और विकास खण्ड स्तर पर तम्बाकू नियंत्रण कानून और तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में आम जनता को जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, जिला नोडल अधिकारी डॉ. अंचल जसूजा, डीपीएम घनश्याम मिश्रा एवं मध्यप्रदेश वालेन्ट्री हैल्थ एसोसिएशन के सम्भागीय समन्वयक नेतराज सिंह परिहार मौजूद रहे।

## माया बंधन में बांधती,बृम्ह माया से मुक्त करते

**कुठला में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह, पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन**





**कटनी।** माया बंधन में बांधती है, जबकि बृम्ह माया से मुक्त करते है। यही वजह है जब कारागाह से बासुदेव बाल स्वरूप ब्रम्ह को लेकर मां यशोदा के घर गोकुल की ओर जाते है, तो कारागाह के सभी दरवाजे स्वतः ही खुल जाते है और जब माया रूपी यशोदा की पुत्री को लेकर वापस कारागाह लौटते है तो दरवाजे पुनः बंद हो जाते है। कृषि उपज मंडी रोड वल्लभनगर कुठला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण में व्यास पीठ पर आसीन आचार्य डॉ रजनीश शास्त्री ने कहा कि गृहस्थ संत पूज्य दद्दा जी ने हमे जिन संस्कारों के साथ विश्व कल्याण के जिस मिशन से जोड़ा है, वह निरंतर चल रहा है। पार्थिव शिव का पूजन, निर्माण समाज में फैली कुरीतियों भेदभाव, रोग व्याधियों को दूर करने का सबसे उत्तम मार्ग है। श्रीमद्भागवत कथा पुराण हरिहरात्मक है। जो हमे सीधे हर और हरि से मिलाती है। रैपुरा निवासी रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल के निवास में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव, उनकी बाल लीलाओं का संजीव चित्रण भी किया गया। प्रसिद्ध देवी गीत गायक विनोद नाकरा ने अपनी मधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को थिरकने को मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से पुराण वाचन, पार्थिव शिवलिंग निर्माण, अभिषेक, सायं 3 बजे से श्रीमद्भगवत कथा के माध्यम से भगवान की लीलाओं का वर्णन नित प्रति होता है।

## लाइसेंस निलंबित, थाने में शस्त्र जमा कराने के निर्देश

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग 4 दिसम्बर को त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 के लिये निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किए जाने के फलस्वरूप कटनी जिले के अंतर्गत जिला/जनपद/ग्राम पंचायत/पंच के आम निर्वाचन हेतु 4 दिसम्बर 2021 से 23 फरवरी 2022 तक आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। जिसके परिप्रेक्ष्य में चुनाव प्रचार-प्रसार रैली संचालन, साम्प्रदायिक सद्भाव, लोक व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से अपर जिला मजिस्ट्रेट रोमानुस टोप्पो द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कटनी जिला अन्तर्गत समस्त आत्मसुरक्षा के लिये फार्म नं. 3 में एवं फसल सुरक्षा हेतु फार्म नं-5 में जारी त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021 22 हेतु जिले की राजस्व सीमाक्षेत्र में शस्त्र अनुजप्ति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में आयुध अधिनियम 1959 की धारा की उपधारा (3) के प्रावधानों के तहत कटनी जिले के अन्तर्गत निर्वाचन क्षेत्रांतर्गत थाना क्षेत्रों में शस्त्र अनुजप्तियां तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुये आदेश किया गया है। जारी आदेश के तहत समस्त अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र कस्टडी के लिये 11 दिसम्बर 2021 तक अनिवार्य रुप से जमा कराने के आदेश दिये गये हैं। इस आदेश के तहत मजिस्ट्रेट, पुलिस सशस्त्रबल, सेना, होमगार्ड, एन.सी.सी. कमर्शियल बैंकों की सुरक्षा हेतु पदस्थ सुरक्षा गार्डो को सुरक्षा की दृष्टि से जो शस्त्र अनुज्ञप्ति फार्म नं. 3 में कर्तव्य निर्वहन हेतु प्रदाय की गई, उन्हें मुक्त रखा गया है। यह आदेश 4 दिसम्बर 2021 से 23 फरवरी 2022 तक के लिए प्रभावशील होगा। इस अवधि के पश्चात जमा शस्त्रों को अनुज्ञप्तिधारियों को वापस करने समस्त थाना प्रभारियो/आर्म्स डीलरों को निर्देशित किया गया है। साथ ही अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा जमा किए जाने वाले शस्त्रों को अपनी अभिरक्षा में रखने की समुचित व्यवस्था करने तथा अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र जमा करने की रसीद अवश्य देने के निर्देश भी दिये गये हैं। वहीं जिन शस्त्र अनुज्ञप्तियों का नवीनीकरण नहीं है, शस्त्र जमा कर उन्हें नवीनीकरण कराने के लिये कहा गया है तथा अनुजप्तिधारियों को अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण होने के पश्चात् ही शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को वापिस किये जाने के निर्देश भी दिये गये हैं।

## अजा एवं अजजा विद्यार्थियों को छात्रावासों में दी जाएगी स्पेशल कोचिंग

### कोचिंग देने शिक्षक 20 दिसम्बर तक प्रस्तुत कर सकते हैं आवेदन

**कटनी।** जिला संयोजक अनुसूचित जाति, जनजातीय कार्य विभाग कटनी ने बताया कि जिला अंतर्गत वर्ष 2021-22 के लिये प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति, अनुसूति जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिलास्तरी एवं विकासखण्ड स्तरीय अनुसूचित जाति सीनियर उत्कृष्ट बालक व कन्या छात्रावासों में गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, वाणिज्य विषयों की कोचिंग दी जानी है। जिसमें कक्षा 9वीं एवं 10वीं में कोचिंग देने के लिये इच्छुक शिक्षक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदक को संबंधित विषय में ग्रेजुएशन स्तर पर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं में कोचिंग के लिये संबंधित विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन में 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। साथ ही आवेदक मुख्यालय से अधिक 10 किलोमीटर दूरी पर कार्यरत होना अनिवार्य है। कोचिंग के लिये इच्छुक आवेदक 20 दिसम्बर तक संबंधित छात्रावास अधीक्षक से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही अपने आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रति सहित निर्धारित समयावधि में अपना आवेदन पत्र प्राचार्य से अग्रेषित कराकर संबंधित छात्रावास अधीक्षक के पास जमा करा सकते हैं।

# पहले और दूसरे चरण के लिए एक साथ जमा होंगे नामांकन

**सरपंच एवं पंच पद के लिये जनपद पंचायत के अलावा क्लस्टर बनाकर भी लिए जाएंगे नाम निर्देशन पत्र**

**कटनी।** त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचन को लेकर तैयारी जारी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में जिले में नामांकन जमा करने से लेकर मतदान और मतगणना तक की तैयारी का काम जारी है। जिले में प्रथम व द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए नामांकन की प्रक्रिया 13 दिसंबर से प्रारंभ हो जाएगी। दोनों ही चरणों के नामांकन की प्रक्रिया एक साथ चलेगी जबकि तृतीय चरण में नामांकन जमा करने की प्रक्रिया 30 दिसंबर से प्रारंभ होगी। जनपद पंचायत स्तर पर पंच, सरपंच व जनपद सदस्यों के नामांकन जमा होंगे जबकि जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन जिला स्तर पर जमा होंगे। इसके अलावा पंच, सरपंच पद के नामांकन जमा करने के लिए 8 से 10 ग्राम पंचायतों के बीच क्लस्टर भी बनाए गए हैं, जहां पर अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। प्रथम चरण में जिले की जनपद पंचायत बहोरीबंद, रीठी और द्वितीय चरण में बड़वारा व कटनी जनपद पंचायत में पंचायत निर्वाचन कराए जाने हैं। जिसको लेकर 13 दिसंबर को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन होगा और इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र 20 दिसंबर तक जमा किए जाएंगे और नामांकन की जांच 21 दिसंबर को होगी। 23 दिसंबर तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापिसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही 23 दिसंबर को ही अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा और आवश्यक होने पर प्रथम चरण में बहोरीबंद व रीठी जनपद क्षेत्र में 6 जनवरी को मतदान होगा जबकि द्वितीय चरण में शामिल बड़वारा व कटनी जनपद पंचायत क्षेत्र में 28 जनवरी को मत डाले जाएंगे। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। पंच व सरपंच का मतदान मतपत्र से और जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य का मतदान ईवीएम के माध्यम से कराया जाएगा।

### मतदान केन्द्र पर ही होगी पंच, सरपंच के मतों की गणना

प्रथम चरण के मतदान के बाद मतदान केन्द्रों में ही पंच व सरपंच पद के प्रत्याशियों के मतों की गणना होगी जबकि जनपद पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य के ईवीएम से होने वाले मतदान के मतों की गणना प्रथम चरण में 10 जनवरी को सभी ब्लाक मुख्यालय में होगी और द्वितीय चरण के मतदान के मतों की गणना 1 फरवरी को ब्लाक स्तर पर होगी। प्रथम चरण के परिणामों का सारणीयन व पंच व सरपंच पदों के निर्वाचन की घोषणा 11 जनवरी को ब्लाक मुख्यालय पर होगी जबकि द्वितीय चरण के परिणाम 2 फरवरी को घोषित होंगे। प्रथम व द्वितीय चरण के जनपद सदस्यों के परिणामों की घोषणा 22 फरवरी ब्लाक स्तर पर और जिला पंचायत सदस्य के परिणामों की घोषणा जिला स्तर पर 23 फरवरी को होगी।

### देना होगा पंचायत एवं विद्युत मंडल की एनओसी

पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य के पद के लिए नाम निर्देशन पत्र आयोग द्वारा तैयार नवीन नाम निर्देशन पत्र प्रारूप-4 में ही अभ्यर्थियों से प्राप्त किए जाएंगे। पंच पद के प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में एक घोषणा पत्र देना होगा जबकि सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य पद के अभ्यर्थियों को नामांकन फार्म के साथ ही शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य के प्रत्येक अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र के साथ ही ग्राम पंचायत और विद्युत विभाग का अदेय प्रमाण पत्र भी नामांकन के साथ प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन के लिए आरक्षित पद से चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को नाम निर्देश पत्र के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा।

# किसी भी हालत में सड़कों पर न लगे सब्जी की दुकानें

### बंद पडी दुकानों को पृथक कर चौपाटी परिसर को व्यवस्थित करने के निर्देश, यातायात सुगम बनाने कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई निगम की समीक्षा

कटनी। कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में विगत दिवस कार्यालय कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नगरनिगम की समीक्षा बैठक के दौरान नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु नगरीय सीमान्तर्गत मुख्य मार्गो, सडकों, रोड डिवाईडर के बीच अनाधिकृत रूप से सब्जी फल, फेरी वालों को निर्धारित स्थलों से ही व्यवसाय करानें तथा अनाधिकृत रूप से वाहनों की पार्किंग में सुधार हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नगर पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी यातायात कटनी को राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम को संयुक्त रूप से कार्यवाही करनें के निर्देश प्रदान किये है। निर्देशों के परिपालन में नगर के मुख्य मार्गो के किनारे के फुटकर सब्जी, फल, एवं कपडे विक्रेताओं को व्यवस्थित कर नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा मुहैया करानें के उद्धेश्य से निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा आज प्रात: निगम के अधिकारियों कर्मचारियों के संयुक्त दल के साथ चौपाटी परिसर का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान चौपाटी परिसर में बंद पडी दुकानों के रखे हुए ठेले टपरों को अलग कराकर शेष समस्त चाट दुकानों को एक लाईन से व्यवस्थित किये जानें एवं रोजाना व्यवसाय उपरान्त अपनें ठेलों एवं वाहनों को वापस ले जानें के निर्देश प्रदान किये गए। नगर के मुख्य मार्गो के फुटकर कपडे व्यवसायियों की व्यवस्था हेतु स्थल का निरीक्षण किया जाकर चौपाटी के उत्तर दिशा की ओर एक लाईन से कपडे वालों की व्यवस्था कराये जानें तथा मुख्य मार्गो के फुटकर फल ठेला व्यवसायियों हेतु चौपाटी के बीच का स्थल खाली कराते हुए नंबरिंग कराकर स्थल से ही फुटकर फल ठेला व्यवसाय की व्यवस्था किये जानें एवं इस हेतु दो दिवस मुनादी कराये जानें हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्र.कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा, प्र.सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, बाजार शाखा प्रभारी अनिल त्रिपाठी, विनोद सिंह चौहान, तेजभान सिंह, सहित अतिक्रमण अमले की उपस्थिति रही। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें बताया कि विगत दिवस आयोजित बैठक के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था हेतु प्राप्त निर्देशों के परिपालन में नगर के मुख्य मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण हटाकर अन्य स्थलों का चयन कर दुकानों के संचालन की व्यवस्था करानें, नो पार्किंग जोन घोषित कर बोर्ड लगवानें तथा टी.सी. बजान स्कूल परिसर में टू व्हीलर वाहनों की पार्किंग हेतु आवश्यक व्यवस्था करानें, नगर के मुख्य मार्गो, डिवाईडर में अनाधिकृत रूप से लगने वाली दुकानों को चिन्हित निर्धारित स्थलों पर भेजनें, प्रतिबंधित मार्गो एवं चिन्हित पार्किंग जोन से अस्थाई अतिक्रमण हटानें एवं जुर्मानें की कार्यवाही करनें तथा सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही करनें का दायित्व निगम की शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को सौपा गया है।



## पंचायत चुनावों की होगी वीडियोग्राफी

### राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों के कलेक्टरर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिये वीडियोग्राफी के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देशों के तहत कहा गया है कि त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन शांतिपूर्ण तथा भय, दबाव एवं प्रलोभन से मुक्त वातावरण में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रुप से कराये जाने के लिये आम निर्वाचन तथा उप निर्वाचन में निर्दिष्ट घटनाओं की वीडियोग्राफी कराया जाना नितांन्त आवश्यक है। मतदान दिवस के पूर्व तथा मतदान के दिन एवं मतगणना दिवस को प्रचार-प्रसार के दौरान आचार संहिता से संबंधित प्रावधानों के पालन की निगरानी के लिये, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने या अन्य कानून व्यवस्था संबंधी अप्रिय घटना को रोकने के लिये अनिर्वार्य रुप से वीडियोग्राफी कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया है। वीडियाग्राफी कराये जाने के लिये विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। जिसमें वीडियोग्राफर्स का चयन एवं उनकी तैनाती, वीडियो सर्विलेन्स टीम द्वारा रिकॉर्डिंग की विधि, अन्य गतिविधियों की वीडियोग्राफी, अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर वीडियोग्राफी तथा कैमरों की संख्या एवं आंकलन को लेकर निर्देश जारी किये गये हैं।

# ठंड में उपभोक्ताओं का पसीना छुड़ा रहा बिजली बिल

## अनाप-शनाप बिलिंग से अधिकांश उपभोक्ता परेशान, सुधार के लिए लगा रहे कार्यालय के चक्कर






**कटनी।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मनमानी से इन दिनों जिले के अधिकांश उपभोक्ता खासे परेशान हैं। कई-कई महीने तक मीटर रीडिंग नहीं हो रही है। इसके बाद भी अनाप-शनाप बिजली बिल भेजा रहा रहा है। सुधार के लिए उपभोक्ता बिजली ऑफिस के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं को आफिस पहुंचने पर जिम्मेदार अधिकारी के नहीं मिलने से खासी परेशनियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों के छुट्टी पर होने के कारण लोगों का काम होना तो दूर कोई उनका दुखड़ा सुनने वाला तक नहीं मिल रहा। बिजली बिल में गड़बड़ी की उपभोक्ताओं की यह परेशानी लंबे समय से बनी हुई है। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की एक जैसी शिकायत है। कई महीने बाद अचानक रीडिंग दिखाकर अनाप शनाप बिजली बिल भुगतान करने के लिए कहा जा रहा है जो उपभोक्ताओं के समझ से परे है। बिजली बिल को देखकर उपभोक्ताओं का माथा ठनका हुआ है। विभाग के कई दावे के बावजूद व्यवस्था में सुधार नजर नहीं आ रहा है। बिजली का बिल में लगातार गलत रीडिंग बिजली बिल ज्यादा की शिकायत लेकर उपभोक्ता बिजली आफिस पहुंच रहें लेकिन उनकी समस्या सुनने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिल रहा है।

### घरेलू उपभोक्ता को भेजा 97 हजार रूपए का बिल

ठंड के मौसम में बिजली का बिल उपभोक्ताओं का पसीना निकाल रहा है। घरो और संस्थाओं में पहुंचने वाले बिल में गड़बड़ी से उपभोक्ता खासा परेशान हैं। गांधीगंज निवासी स्वर्गीय मोहन लाल चौरसिया के मकान में लगे घरेलू मीटर का दिसंबर माह में बिजली बिल विद्युत विभाग ने 97,017 रूपए भेजा है। स्वर्गीय मोहन लाल चौरसिया के पुत्र घनश्याम चौरसिया ने बताया कि वह पुराना बस स्टेण्ड क्षेत्र में पान दुकान चलाकर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसके मकान में पिताजी के नाम से लगे मीटर का बिल पहले 200 से 300 रूपए तक आता था लेकिन दिसंबर माह में भेजे गए बिजली बिल ने ठंड में उसका पसीना छुड़ा दिया। घनश्याम ने बताया कि अगस्त माह में उसके मीटर का डिसप्ले खराब हो गया था। जिसकी शिकायत उसने की तो नवंबर माह में उसका मीटर बदल कर नया लगाया गया। नया मीटर एक माह में कुल 54 यूनिट चला है। इसके बावजूद उसे 97 हजार रूपए का बिजली बिल विद्युत विभाग द्वारा भेजा गया है। घनश्याम ने विद्युत अधिकारियों से बिल में सुधार करते हुए सही बिल भेजने की मांग की है।

### मीटर रीडिंग में लापरवाही

विभाग जिले में मीटर रीडिंग का काम आउटसोर्सिंग के माध्यम से करता है। ठेका माध्यम से मीटर रीडिंग व बिल वितरण का काम किया जाता है। बिजली बिल में गड़बड़ी का मुख्य कारण हर महीने रेग्युलर मीटर रीडिंग नहीं होना है। मीटर रीडरों की मनमानी के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हो रही है। विभागीय मानीटरिंग के अभाव में मीटर रीडरों की मनमानी जारी है। इसका खामियाजा सामान्य बिजली उपभोक्ता को भुगतना पड़ रहा है।

### मीटर ठीक तो एवरेज बिल क्यों

शहर के ही कई बिजली उपभोक्ताओं की यह भी शिकायत है कि अगर उनके घर लगा बिजली मीटर ठीक है तो क्यों नियमित तौर पर हर महीने उनके यहां मीटर की रीडिंग नहीं होती है। उपभोक्ताओं के अनुसार एवरेज आधार पर विभाग कैसे बिजली बिल का निर्धारण करता है यह भी समझ से परे है। क्योंकि एवरेज बिल के तौर पर भी विभाग हर महीने अलग-अलग राशि चार्ज करता है। लोग इसके जांच की मांग भी कर रहे हैं।





# हिन्दू एकता महाकुम्भ के लिए जेपी नड्डा शिवराज,वीडी एवं भगत को आमंत्रण

### प्रधान सेवक विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को साथ लेकर दिल्ली और भोपाल पहुंचे स्वामी रामभद्राचार्य



**कटनी।** हिंदू एकता महाकुम्भ की सफलता को लेकर आयोजक मंडल तेजी के साथ सक्रिय है। शुक्रवार को जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य अपने उत्तराधिकारी स्वामी रामचंद्रदास महाराज एवं महाकुंभ आयोजन के प्रधानसेवक विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दिल्ली स्थित आवास पहुंचे तथा उन्हें चित्रकूट में आयोजित हिंदू एकता महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया। भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा ने सपत्नीक स्वामी का पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा के अलावा जगतगुरू रामानंदचार्य स्वामी रुरामभद्राचार्य एवं प्रधान सेवक विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत से भी भेंट की एवं उन्हें भी हिंदू महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया।

### कार्यक्रम में आने को दी सहर्ष स्वीकृति

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य प्रधान सेवक विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के साथ दिल्ली स्थित जेपी नड्डा के आवास पर पहुंचे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने पत्नी के साथ स्वामी जी का स्वागत किया। स्वामी रामचंद्र दास जय महाराज ने बताया की स्वामी जी ने चित्रकूट में आयोजित तीन दिवसीय हिंदू एकता महाकुंभ में आने का आमंत्रण श्री नड्डा को दिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने स्वामी जी के निवेदन को सहर्ष स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि वे महाकुंभ में शामिल होने का प्रयास करेंगे। मुख्मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी आमंत्रण स्वीकार कर स्वामी जी को महायज्ञ में शामिल होने का भरोसा दिलाया है।

# प्रेमी ने गला घोंटकर की युवती की हत्या

### बरही पुलिस की गिरफ्त में आरोपी, खुलासा नहीं

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत तैय्यब नगर में युवती की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने अहम सुराग जुटाने के साथ ही उसकी हत्या के आरोप में उसके ही प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि अभी मामले के खुलासे से पुलिस ने पर्दा नहीं उठाया है तथा आरोपी की गिरफ्तारी की अधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस संबंध में सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि युवती ब्योहारी क्षेत्र की रहने वाली थी तथा घटना दिनांक को वो किसी ट्रेन से अपने प्रेमी के साथ बरही के खन्ना बंजारी स्टेशन में उतरी। बताया जाता है कि खन्ना बंजारी स्टेशन में उतरने के बाद दोनों सूनसान जगह पर पहुंचे। इसीदौरान युवती के मोबाइल में किसी का फोन आया। फोन उसके प्रेमी ने ही उठाया और इसी के बाद उसने गला घोंटकर युवती की हत्या करने के बाद फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि युवती के मोबाइल पर आने का वाला फोन उसके एक और प्रेमी का था। जिसके बाद ही उसके साथ आए प्रेमी का माथा ठनका और उसने क्रोध में आकर युवती की हत्या कर दी। बताया जाता है कि ब्योहारी से बरही पहुंचे युवती के परिजनों की जानकारी के बाद पुलिस को यह सफलता मिली। गौरतलब है कि खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन के समीप चार दिन पहले एक युवती की झाड़ियों में लाश मिली थी। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश व विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची अपनी पूरी टीम के साथ मामले की गुत्थी सुलझाने में लगे हुए थे।

**खन्ना बंजारी स्टेशन के पास झाड़ियों में मिली थी लाश**



# कार से 9 लाख का गांजा बरामद

### वाहन चेकिंग के दौरान एनकेजे पुलिस को मिली सफलता

### कार मालिक सहित दो गिरफ्तार, 89 किलो 500 ग्राम गांजा जप्त



**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत कटनी-शहडोल मार्ग के वनोपज जांच नाका के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने कार में प्रतिबंधित गांजा की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। कार से 9 लाख रूपए कीमती 89 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया है। मामले में कार मालिक व चालक को गिरफ्तार कर नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जुहला बायपास में वन विभाग के नाका के पास वाहन चैकिंग की जा रही थी। उसीदौरान मौके पर एक ग्रे रंग की स्कोडा कार जिसमें हरियाणा राज्य की नम्बर प्लेट लगी हुई थी को वाहन चैकिग मे लगे स्टाफ ने रोका जो नही रूकी एंव पुलिस को देख कर भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस बल द्वारा सरसवाही मोड़ पर घेरा बंदी कर पकड़ा गया। वाहन चालक को वाहन से उतार कर नाम पता पूछने पर अपना नाम महेन्द्र कुमार पिता बहादुर आदिवासी उम्र 20 वर्ष निवासी देवगांव बस स्टैंड के पास थाना रीठी एंव ड्राइवर के बाजू वाली सीट पर बैठे युवक नाम पता पूछने पर अपना नाम दीपक राय पिता राम मिलन राय उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम पटोहा संतोषी माता मंदिर के पास थाना रीठी का रहने वाला बताया। वाहन क्रमांक एच.आर.26बी-7256 के स्वामित्व के बारे मे जानकारी प्राप्त करने पर दीपक राय द्वारा उक्त वाहन उसका स्वंय का होना बताया। वाहन की सघनता से चैक करने पर वाहन में लगभग 89 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 9 लाख मिला। जिसे आरोपी दीपक राय एंव महेंद्र कुमार के कब्जे से बरामद किया गया। घटना में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में प्रयुक्त वाहन की कीमत 07 लाख रूपए बताई जा रही है। इस प्रकार कुल 16 लाख रूपये का मसुरका जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 8,20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में कार से गांजा तस्करी का पर्दाफाश करने में एनकेजे थाना प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज दुबे, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश करोसिया, दिनेश सिह बघेल, सहपाल परतेती, प्रधान आरक्षक शशिकांत करोसिया, केवल उईके, आरक्षक दीपक तिवारी, चंद्रेश सिंह, विजय राणा, सायबर सेल आरक्षक प्रशांत, सतेंद्र की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक मामले का पर्दाफाश करने वाली टीम को नगद पुरुस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## एनकेजे यार्ड में बेपटरी हुआ इंजन, घंटों प्रभावित रहा मालगाड़ियों का परिचालन



**कटनी।** ठंड शुरू होते ही रेल फैक्चर या दूसरे कारणों से रेल दुर्घटनाएं होना शुरू हो गईं हैं। आज सुबह-सुबह एनकेजे यार्ड में मालगाड़ियों की शटिंग कर रहा इंजन पटरियों से उतर गया। दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं दुर्घटना की वजह से यात्री गाड़ियां भी प्रभावित नहीं हुईं। यह बात और है कि दुर्घटना के कारण कटनी-सिंगरौली व कटनी-बिलासपुर रेलखंड की मालगाड़ियों का परिचालन कुछ समय के लिए जरूर रूका रहा। इस संबंध में रेलसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एनकेजे यार्ड में आज सुबह मालगाड़ियों की शटिंग कर रहा डीजल इंजन क्रमांक 16731 मूंगाबाई कालोनी की तरफ पटरी से उतर गया। बताया जाता है कि इंजन के आगें के पहिए पटरी से उतर गए। दुर्घटना की जानकारी लगते ही रेलवे के आला अधिकारी दुर्घटना राहत ट्रेन के साथ मौके पर पहुंच गए। घंटों मशक्कत के बाद बेपटरी हुए डीजल इंजन को पटरी पर लाया गया। जिसके बाद एनकेजे यार्ड में रेल यातायात बहाल हुआ।




टैरो क्वीन
राजुल मिश्रा द्वारा टैरो कार्ड्स रीडिंग
सोमवार से शुक्रवार-दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दूसरी मंजिल, डॉ. नेमा क्लीनिक, आजाद चौक, कटनी
संपर्क करें- 9343945285

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



ड्यूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...

गौरी शंकर मंदिर के पास, खैबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call -
9770037027

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Making India Beautiful
Reliance digital
TRENDS GET THEM TALKING
PLANET FASHION
U-TURN EMPIRE OF FAMILY FASHION
BOLSA
GALAXY GAME ZONE
City Pride Cinema
Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)